श्री मुरारी पासवान, माननीय स0 वि0 स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0-18/2/2668 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- यह बात सही है कि भागलपुर जिला के विधान सभा क्षेत्र संख्या-0154, पीरपैंती के अन्तगर्त बटेश्वर स्थान से बाखरपुर दियारा तक दर्जनों गाँव बाढ़ की कटाव से गंगा में समाहित हो चुका है और लगातार कटाव का सिलसिला जारी है, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार उक्त गाँव को कटाव से बचाव हेतु कब तक तटबंध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो?	वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बटेश्वर स्थान से बाखरपुर दियारा के बीच तौफिल दियारा, अन्ठावन, बीरबन्ना, टपुआ, एकचारी दियारा, बकिया सुखाय एवं बाखरपुर ग्राम गंगा नदी के दायें तट पर अवस्थित है। तौफिल दियारा, अन्ठावन, बीरबन्ना, टपुआ एवं एकचारी दियारा नदी तट से क्रमशः 05 मी0, 5 मी0, 5 मी0, 80 मी0, 2 मी0 एवं 350 मी0 की दूरी पर अवस्थित है। इन स्थलों के सुरक्षार्थ पूर्व में कराया गया कटाव निरोधक कार्य वर्तमान में भी प्रभावी है एवं स्थल सुरक्षित है। बकिया सुखाय एवं बाखरपुर ग्राम नदी तट से क्रमशः 1450 मी0 एवं 3900 मी0 की दूरी पर अवस्थित है। बाढ़ अवधि 2025 में प्रश्नगत स्थलों पर कटाव परिलक्षित नहीं हुआ है। बाढ़ वर्ष 2026 में कटाव परिलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर प्रश्नगत स्थलों को सुरक्षित रखा जायेगा। गंगा नदी के किनारे गैर तटबंधित इलाको में बाढ़ एवं कटाव के समुचित प्रबंधन के उद्देश्य से विस्तृत अध्ययन राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की के माध्यम से कराया जा रहा है । इस अध्ययन के उपरांत प्रश्नगत क्षेत्रों मे बाढ़ एवं कटाव को नियंत्रित करने हेतु आवश्यकतानुसार योजना तैयार कर कार्य कराया जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–103 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2668 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–103 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–103 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–103 / 2026– 1383 पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo